नया इंडिया

खेल

सार समाचार

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

दुबई,वार्ता। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा,हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा,मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा।

बटलर की जगह मेंडिस गुजरात टाइटंस में हुए शामिल

अहमदाबाद,वार्ता। श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जॉस बटलर की जगह प्लेऑफ के लिए गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल होंगे। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए खेल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने सात मई को टीम के लिए आखिरी मैच खेला था। ऐसा माना जा रहा अब सुरक्षा को लेकर चिंताओं के कारण वह पाकिस्तान नहीं जाएंगे। उन्होंने अब आईपीएल की ओर रुख किया है। बटलर का इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में चयन हुआ है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच सफेद गेंद की सीरीज 29 मई से शुरू हो रही है।

हरियाणा ने तलवारबाजी में तीनों स्वर्ण पदक जीते

राजगीर,वार्ता। हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई।

अल्काराज ने ड्रेपर को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई

अल्काराज ने ड्रेपर के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया जो शॉटमेकिंग की चमक और चूक के बीच नाटकीय रूप से उतार-चढ़ाव भरा रहा।

रोम ■ आईएएनएस/डेस्क

कार्लोस अल्काराज ने रोम में अपनी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा जारी रखी और बुधवार को जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में हराकर इंटरनैशनली बीएनएल डी'इटालिया के सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्पेन के इस खिलाड़ी ने क्ले एटीपी मास्टर्स 1000 में ड्रेपर को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने कैम्पो सेंट्रल पर पहला सेट जीतने के लिए 2-4 से वापसी की। इसके बाद उन्होंने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक की बढ़त खो दी, लेकिन एक घंटे, 38 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल की।

वर्ष की अपनी दूसरी मास्टर्स 1000 ट्रॉफी (मोंटे-कार्लो के बाद) के लिए ट्रैक पर बने रहने के साथ-साथ, ड्रेपर के खिलाफ अल्काराज की जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि वह सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से आगे बढ़कर नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे। इससे 22 वर्षीय खिलाड़ी को आगामी रौलां गैरो के लिए दूसरे सीड के रूप में भी जगह मिल जाएगी, जहां वह गत विजेता है। दूसरी सीड के रूप में, अल्काराज को क्ले मेजर में विश्व नंबर 1 जानिक सिनर के विपरीत ड्रॉ में होना तय है।

2025 की अपनी टूर-लीडिंग 28वीं जीत के साथ, अल्काराज अपने दूसरे प्रदर्शन में पहली बार रोम सेमीफाइनल में पहुंचे। वहां उनका प्रतिद्वंद्वी गत विजेता और दूसरे सीड ज्वेरेव या घरेलू पसंदीदा लोरेंजो मुसेट्टी होगा। जैसा कि उन्होंने अपने पिछले दो मैचों में लासलो जेरे और करेन खाचानोव के खिलाफ किया था, अल्काराज ने ड्रेपर के खिलाफ ऐसा प्रदर्शन किया जो शॉटमेकिंग की चमक और चूक के बीच नाटकीय रूप से उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को मुश्किल स्थितियों से बचने का मौका मिला।

फिर भी अल्काराज ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटिश खिलाड़ी को रोकने के लिए आवश्यक स्थिरता पाई। तीसरी वरीयता प्राप्त स्पैनियार्ड ने मैच का अंत ड्रेपर के आठ के मुकाबले 24 विनर्स लगाकर किया, यह एक ऐसा स्कोर था जो उनके प्रतिद्वंद्वी की 18 की तुलना में उनके 29 अनफोर्स्ड एरर से कहीं ज्यादा था। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, अल्काराज ने वापसी के अपने मौकों का भी पूरा फायदा उठाया और मैच में अर्जित सभी चार ब्रेक पॉइंट को भुनाया।

ओलंपिक चैंपियन झेंग सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में

रोम,आईएएनएस। ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने अपने सातवें सर्वकालिक मुकाबले में विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका पर अपनी पहली जीत दर्ज की और 6-4, 6-3 की जीत के साथ इटैलियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार झेंग न केवल हार्ड कोर्ट के अलावा क्ले सतह पर अपने पहले मैच में सबालेंका के खिलाफ 0-6 से पिछड़ रही थीं: रोम में क्वार्टर फाइनल बाधा दौड़ में भी वह 0-2 से पिछड़ रही थीं। लेकिन 1 घंटे और 37 मिनट में, उन्होंने उन दोनों जीत रहित अंकों को तोड़ दिया, उन्होंने अपने सामने आए सभी पांच ब्रेक पॉइंट बचाए और सबालेंका की सर्विस को तीन बार तोड़ा।

झेंग ने बाद में क्ले पर अपने आराम के स्तर को पिछले छह मुकाबलों की तुलना में एक्स-फैक्टर बताया। हालांकि सबालेंका लगातार नौ मैच जीत रही थीं, लेकिन क्ले-कोर्ट फाइनल में झेंग का रिकॉर्ड 3-0 है और पिछले 20 क्ले-कोर्ट मैचों में उनका रिकॉर्ड 17-3 है। झेंग ने मैच के बाद कहा,इस दौरान मैं उसे कोर्ट पर हराने की कोशिश कर रही हूं। कभी-कभी मैं बहुत करीब पहुंच जाती हूं, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो पाता।

थाईलैंड ओपन: उन्नति हुड्डा, मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में बाहर

बैंकॉक ■ आईएएनएस/डेस्क

थाईलैंड ओपन में भारतीय अभियान को गुरुवार को बड़ा झटका लगा, जब उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा और मालविका बंसोड़ महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, दोनों शटलरों को सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे प्रतियोगिता में उनका सफर उम्मीद से पहले ही समाप्त हो गया।

उन्नति हुड्डा, जो सिर्फ 17 साल की हैं और ओडिशा मास्टर्स और अबू धाबी मास्टर्स में जीत के साथ दो बार बीडब्ल्यूएफ खिताब जीत चुकी हैं, का सामना थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग से हुआ। अपनी आक्रामक शैली और तेज कोर्ट कवरेज के लिए जानी जाने वाली थाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उन्नति ने अपने शॉट बनाने के हुनर की झलक दिखाई, लेकिन चुवोंग के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने के लिए संघर्ष किया।

नापाक, हॉकी से बंदूक तक!

■ राजेंद्र सजवान

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों के कारण दुनियाभर में एक बदनाम आतंकवादी देश बनकर रह गया है, जिसका असर खेल रिश्तों पर भी पड़ा है। सिर्फ भारत के साथ ही नहीं अन्य कई देशों के साथ भी पाकिस्तान के खेल रिश्ते बिगड़ रहे हैं। पिछले कुछ सालों में भारत सहित अन्य कई देशों की हॉकी और क्रिकेट टीमों के पाकिस्तान दौरों पर लगभग विराम सा लग गया है। नतीजा सामने है। दोनों ही खेलों में पाकिस्तान फिसड्डी बनकर रह गया है।

खासकर हॉकी में उसकी पहचान लगातार धूमिल हुई है। पाकिस्तानी हॉकी प्रेमी, पूर्व

खिलाड़ी और उसकी आतंकवादी सरकार कुछ भी सोचे लेकिन इस लेख के माध्यम से अपने भटके हुए पड़ोसी को याद दिलाना चाहते हैं कि कभी हॉकी में उसका भी बड़ा नाम था जो कि उसने अपने कुकर्मों से लगभग मिटा दिया है। जिन भारतीय टीमों ने 1928, 32 और 36 में ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीते थे, उनमें कई मुस्लिम खिलाड़ी हॉकी जादूगर ध्यानचंद और रूप सिंह के दौर में खेले, जिनमें से कुछेक विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए।

1948, 52 और 56 के ओलम्पिक तक भारत का दबदबा रहा लेकिन 1960 के रोम ओलम्पिक में पाकिस्तान ने पहली बार ओलम्पिक गोल्ड जीता। लेकिन 1984 के लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में स्वर्णिम सफलता के बाद उसकी सफलता का ग्राफ भारत की तरह गिरता चला गया। हालांकि भारतीय हॉकी की वापसी हो चुकी है। जहां तक भारत के महानतम हॉकी खिलाड़ियों की बात है तो ध्यानचंद, रूप सिंह, बलबीर सिंह सीनियर, केडी बाबू, अजीतपाल सिंह, मोहम्मद शाहिद, जफर इकबाल और दर्जनों अन्य ने भारतीय हॉकी को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार पाकिस्तान के पास अख्तर रसूल, हनीफ खान, मंजूर अहमद, मंजूर हुसैन, सलीमुल्ला, तनवीर डार, शाहबाज अहमद, सोहैल अब्बास और कई अन्य ने पाकिस्तानी हॉकी को शीर्ष तक पहुंचाया। लेकिन आज आलम यह है कि उनका आतंकवादी देश हॉकी के शीर्ष से धड़ाम गिर चुका है।

आर्थिकी/परदेश

सेंसेक्स 1200 और निफ्टी ने लगाई 395 अंक की छलांग

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,200 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी सात महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,200.18 अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे। सूचकांक कारोबार के पहले चरण में सीमित दायरे में रहा। लेकिन दोपहर कारोबार में बैंक, वाहन, आईटी तथा तेल एवं गैस शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी

395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट और भारत के साथ संभावित व्यापार समझौते के बारे में अमेरिका से सकारात्मक संकेतों के कारण बाजार में जोरदार तेजी आई और यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। नायर ने कहा कि वाहन और रियल एस्टेट जैसे ब्याज दर-से जुड़े क्षेत्रों ने तेजी की अगुवाई की।

भारत में कच्चे तेल की मांग चीन से दोगुना तेज बढ़ेगी : ओपेक

नई दिल्ली, भाषा। तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक' ने अपने नवीनतम वैश्विक परिदृश्य में कहा है कि भारत की कच्चे तेल की मांग वर्ष 2025 और 2026 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है और यह चीन की मांग की तुलना में दोगुनी होगी।

भारत की तेल मांग वर्ष 2024 में 55.5 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) से बढ़कर वर्ष 2025 में 57.4 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है, जो कि 3.39 प्रतिशत की वृद्धि है। इसे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों से मदद मिलेगी।

अनुमान है कि 2026 में यह 4.28 प्रतिशत की दर से बढ़कर 59.9 लाख बीपीडी हो जाएगी। मांग में यह वृद्धि 2025 में चीन की तेल मांग में 1.5 प्रतिशत और 2026 में 1.25 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि से अधिक है। लेकिन निरपेक्ष रूप से, अमेरिका 2025 में 2.05 करोड़ बीपीडी की मांग के साथ सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता बना रहेगा, उसके बाद चीन (2025 में 1.69 करोड़ बीपीडी और 2026 में 1.71 करोड़ बीपीडी) का स्थान होगा।

अप्रैल में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

देश में पहली बार मासिक आधार पर मापी गई बेरोजगारी की दर इस साल अप्रैल में 5.1 प्रतिशत रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वास्तविक समय में देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की निगरानी के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया। इसके पहले तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही और वार्षिक आधार पर ही जारी किया जाता था।

वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र हालिया आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल, 2025 के दौरान प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही। पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर पांच प्रतिशत रही।

इस दौरान देश भर में 15-29 आयु वर्ग

के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी।

सीडब्ल्यूएस का आशय सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधि स्थिति से है।

अध्ययन से यह भी पता चला कि 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में (ग्रामीण एवं शहरी) 14.4 प्रतिशत थी, जबकि शहरों में यह 23.7 और गांवों में 10.7 प्रतिशत थी। देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत थी। आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल, 2025 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.6 प्रतिशत थी।

ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58.0 प्रतिशत थी जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में एलएफपीआर क्रमशः 79.0 प्रतिशत और 75.3 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2025 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी की दर 38.2 प्रतिशत थी। एलएफपीआर जनसंख्या में श्रम बल (अर्थात काम करने वाले, काम की तलाश करने वाले या काम के लिए उपलब्ध) में शामिल व्यक्तियों के प्रतिशत को संदर्भित करता है।

परदेश खास

शांति वार्ता के लिए तुर्किये पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, पुतिन अनुपस्थित

इस्तांबुल ■ एपी/डेस्क

रूस का एक प्रतिनिधिमंडल यूक्रेन के साथ शांति वार्ता के लिए तुर्किये के शहर इस्तांबुल पहुंच गया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोव ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

वहीं राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के नेतृत्व में यूक्रेन का एक प्रतिनिधिमंडल भी तुर्किये की राजधानी अंकारा पहुंच चुका है, जिसमें कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हैं। इस बयान के बाद पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने रूस की आलोचना की और कहा कि वह शांति प्रयासों को लेकर गंभीर नहीं है। क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन के करीबी व्लादिमीर मेदिंस्की रूसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे, जिसमें तीन अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी होंगे। पुतिन ने वार्ता के लिए चार अधिकारियों को विशेषज्ञों के तौर नियुक्त किया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन को तुर्किये में व्यक्तिगत रूप से मिलने की चुनौती दी थी। जेलेंस्की ने कहा था कि वह तुर्किये की राजधानी अंकारा पहुंचकर तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन से मुलाकात करेंगे और पुतिन का इंतजार करेंगे। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव, विदेश मंत्री एंड्री सीबिहा और यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री येरमक शामिल हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने तुर्किये में अलग से हो रही उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक में कहा, "अब, तीन साल की भारी पीड़ा के बाद, अंततः एक अवसर आया है। इस्तांबुल में होने वाली वार्ता से एक नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है।

ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाक में तनाव 'खत्म करने में मदद' का दावा किया

दोहा, भाषा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म करने में मदद की। कतर में अल-उदीद वायुसेना अड्डे पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, वैसे तो मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने ऐसा किया, लेकिन मैंने पिछले हफ्ते पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव खत्म करने में निश्चित रूप से मदद की, जो लगातार बढ़ता जा रहा था।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, उदयपुर आगार

निविदा सूचना

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम उदयपुर आगार में कैन्टीन/स्टाल एवं अन्य हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित राशि रूपये क्र.सं. 1 से 07 तक 236/- (मय जी एस टी) क्र. सं. 08 के लिये निर्धारित राशि रुपये 472/-(मय जी एस टी) नकद जमा करवाकर निम्नहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव 23.05.2025 को 14.00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 16.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट **http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc** एवं SPPP पोर्टल **https://sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN No.: RTC2526SLOB00080

राज.संवाद/सी/25/2334 विज्ञापन संख्या 59/2025-26 मुख्य प्रबंधक

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
कॉर्पोरेट कार्यालय: 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली-110034, भारत, **दूरभाष:** 011-27355742, 71239900
पंजीकृत कार्यालय और कार्य: यूनिट I: A-902A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण III, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **यूनिट II:** E-540, औद्योगिक क्षेत्र, चोपनकी, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com, accounts@titanbiotechltd.com, purchase@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com, www.tmmedia.in

मेसर्स टाइटन बायोटेक लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों को नोटिस

विषय: दावा न किये गए लाभांश

प्रिय शेयरधारकों,
हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी के रिकॉर्ड और संबंधित बैंक द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, 2017-2018 के लिए लाभांश अभी भी नीचे दिए गए विवरण के अनुसार दावा नहीं किये गए है: -

वर्ष	वारंट नं.	एमआईसीआर नं.	राशि (रु. में)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के अनुसार निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 के साथ पठित और आईसीएसआई द्वारा जारी सचिवीय मानक के में लाभांश की राशि जो देय तिथि से 7 (सात) वर्ष की अवधि के लिए दावा न की गई हो, उसे केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ("IEPF") में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है। दावा न किए गए लाभांश का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर अपडेट किया जाता है और शेयरधारकों को उनके अवैतनिक लाभांश का दावा करने के लिए समय-समय पर अनुस्मारक पत्र भी भेजे जाते हैं। इसके अलावा, वे सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय तक दावा न किया गया हो, उन्हें भी IEPF में स्थानांतरित किया जाएगा।

बकाया लाभांश का दावा करने के लिए, कृपया पहले अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफ़र एजेंट - बीटल फ़ाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड के साथ डीमैट खाते के लिये अपने बैंक के कोर बैंकिंग खाता संख्या और IFSC/MICR सहित सही बैंक विवरण का पंजीकरण सुनिश्चित करें। कृपया अपना दावा संलग्न वचन पत्र/क्षतिपूर्ति पत्र को **सभी मामलों में पूर्ण रूप से** निष्पादित करके या दावा करने के लिए पुराने लाभांश वारंट को मंगलवार,, **30 सितंबर, 2025** तक जमा करें। यदि आपने पहले ही अपने लाभांश का दावा कर लिया है, तो कृपया इस पत्र को अनदेखा करें।

दावा न किए गए/अवैतनिक लाभांश की रिहाई के लिए सभी अनुरोधों के साथ निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

a) **यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक/डीमैटेरियलाइज्ड फॉर्म में रखे गए हैं:**
I. मूल दावा न किए गए वारंट, यदि लागू हो;
II. विधिवत निष्पादित आवेदन सह वचन/क्षतिपूर्ति; (प्रारूप पहले से ही साझा किया गया)
III. अपडेटेड क्लाइंट मास्टर लिस्ट की प्रति, पैन कार्ड के साथ रद्द चेक जमा करना होगा। भुगतान उक्त डीमैट खाते के विरुद्ध पंजीकृत बैंक खाते में किया जाएगा

b) **यदि शेयर भौतिक रूप में रखे गए हैं:**
I. मूल दावा न किए गए वारंट, यदि लागू हो;
II. विधिवत निष्पादित आवेदन सह वचन/क्षतिपूर्ति; (इस पत्र के साथ संलग्न)
III. निवेशक सेवा अनुरोध फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन विवरण के लिए) [सामूहिक रूप से "निवेशक अनुरोध फॉर्म"] इसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरा हुआ, साथ ही खाताधारक के रूप में आपके नाम के साथ मूल रद्द चेक लीफ सहित सहायक दस्तावेज। "निवेशक अनुरोध प्रपत्र" कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध हैं। यदि उक्त तिथि तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हम यह भी बताना चाहेंगे कि इस तरह हस्तांतरित शेयरों के संबंध में भविष्य में कोई भी लाभांश/लाभ, यदि कोई हो, भी IEPF में जमा किया जाएगा। उक्त IEPF नियमों के अनुसार IEPF को हस्तांतरित किए गए अघोषित लाभांश और शेयरों के संबंध में कंपनी या उसके रजिस्ट्रार के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।

आपके द्वारा धारित शेयरों और दावा न किए गए लाभांश के आईईपीएफ में स्थानांतरण की स्थिति में, आप आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र संख्या आईईपीएफ-5 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके आईईपीएफ से इसका दावा करने के हकदार हैं।

किसी भी अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया टाइटन बायोटेक लिमिटेड के कंपनी सचिव विभाग से 011-49096502 या 011-27355742 पर संपर्क करें या cs@titanbiotechltd.com पर ईमेल करें।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
स्थान : दिल्ली **चरणजीत सिंह**
दिनांक : 16/05/2025 **कंपनी सचिव**